## शिक्षाशास्त्र / Education

1. निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणा विशेष रूप से उस भूमिका को दर्शाती है जिसके द्वारा शिक्षा व्यक्तियों को एक सामाजिक स्थिति से दूसरी सामाजिक स्थिति में जाने में सक्षम बनाती है?

(A) सामाजिक अनुरूपता
(B) सांस्कृतिक संचरण
(C) सामाजिक नियंत्रण
(D) सामाजिक गतिशीलता

Which one of the following concepts specifically refers to the role of education in enabling individuals to move from one social position to another?

(A) Social conformity
(B) Cultural transmission
(C) Social control
(D) Social mobility

2. निम्नलिखित में से कौन-सा निबंधात्मक परीक्षणों की एक प्रमुख सीमा है, जो सीधे अंकों की विश्वसनीयता को प्रभावित करती है?

(A) वे विभिन्न परीक्षकों के बीच मूल्यांकन में पूर्ण वस्तुनिष्ठता सुनिश्चित करते हैं
(B) वे विद्यार्थियों की विचारों को संगठित एवं अभिव्यक्त करने की क्षमता का आकलन नहीं कर सकते
(C) वे मूल्यांकन में व्यक्तिपरक निर्णय के कारण परीक्षक-भिन्नता के प्रति संवेदनशील होते हैं
(D) वे उच्च-स्तरीय संज्ञानात्मक परिणामों का आकलन करने में असमर्थ होते हैं

Which one of the following is a recognized limitation of essay-type tests that directly affects the reliability of scores?

(A) They ensure complete objectivity in scoring across different examiners
(B) They cannot be used to assess students' ability to organize and express ideas
(C) They are susceptible to scorer variability due to subjective judgment in evaluation
(D) They are incapable of assessing higher-order cognitive outcomes

3. निम्नलिखित मानकीकृत स्कोर स्केल को उनके सामान्य मानक विचलन के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(a) Z-स्कोर
(b) T-स्कोर
(c) स्टेन स्कोर
(d) कच्चा स्कोर

(A) a, c, b, d
(B) a, b, c, d
(C) d, a, c, b
(D) c, a, b, d

Arrange the following standard score scales in increasing order of their typical standard deviation values:

(a) Z-score
(b) T-score
(c) Sten score
(d) Raw score

(A) a, c, b, d
(B) a, b, c, d
(C) d, a, c, b
(D) c, a, b, d

4. शिक्षा एक ------- तथा सामाजिक प्रक्रिया है।

(A) प्राकृतिक
(B) स्थिर
(C) यांत्रिक
(D) संरचित

Education is a ------- and social process.

(A) Natural
(B) Static
(C) Mechanical
(D) Structured

5. प्राकृतिक विज्ञानों में ज्ञान का प्रमाणीकरण मुख्यतः किसके माध्यम से किया जाता है?

(A) मूल्यों का मानकात्मक औचित्य
(B) औपचारिक प्रणालियों में निगमनात्मक प्रमाण
(C) अनुभवजन्य सत्यापन एवं खण्डन
(D) उपयोगितावादी उपयोगिता

Knowledge in natural sciences is primarily validated through:

(A) Normative justification of values
(B) Deductive proof in formal systems
(C) Empirical verification and falsification
(D) Utilitarian usefulness

6. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति अधिगम के सकारात्मक स्थानांतरण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करती है?

(A) मातृभाषा के हस्तक्षेप के कारण नई भाषा सीखने में कठिनाई होना
(B) नए ज्ञान को पूर्व अधिगम से जोड़ने में असमर्थ होना
(C) पूर्व में सीखे गए गणितीय कौशलों का उपयोग भौतिकी की समस्याओं को हल करने में करना
(D) नई सामग्री सीखते समय पहले सीखी गई अवधारणाओं को भूल जाना

Which one of the following situations best illustrates positive transfer of learning?

(A) Difficulty in learning a new language due to interference from the mother tongue
(B) Inability to relate new knowledge with prior learning
(C) Applying previously learned mathematical skills to solve problems in physics
(D) Forgetting earlier learned concepts while learning new content

7. CAT (चिल्ड्रन एपेरसेप्शन टेस्ट) का विकास किसने किया था?

(A) अल्फ्रेड बिने
(B) लियोपोल्ड बेलाक
(C) हेनरी मरे
(D) कार्ल रोजर्स

The CAT (Children Apperception Test) was developed by -------

(A) Alfred Binet
(B) Leopold Bellak
(C) Henry Murray
(D) Carl Rogers

8. बौद्ध काल में शिक्षा की शिक्षण-पद्धति में हुए परिवर्तन को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) संगठित शिक्षण केंद्रों का विकास, जो जिज्ञासा, संवाद और व्यापक पहुँच को प्रोत्साहित करते थे।

(B) वंशानुगत ज्ञान-प्रेषण पर बल, जिसमें प्रश्न की सीमित गुंजाइश हो।

(C) अनुष्ठान-आधारित शिक्षण और रटने की प्रधानता।

(D) संरचित शिक्षण का अभाव, केवल अनौपचारिक ज्ञान-प्रेषण पर निर्भरता।

Which statement best reflects the pedagogical shift in education during the Buddhist period?

(A) Emergence of organized centres promoting inquiry, dialogue, and wider access.

(B) Emphasis on lineage-based transmission with limited scope for questioning.

(C) Predominance of ritual-centric instruction and memorization of texts.

(D) Absence of structured learning, relying solely on informal transmission.

9. बुद्धि के सिद्धांत और उसके मापन के निहितार्थ का सही संबंध कौन-सा है?

(A) व्यवहारवादी दृष्टिकोण आकलन के लिए केवल स्व-रिपोर्ट मापों पर निर्भरता की मांग करता है

(B) बहु-कारक सिद्धांत विभिन्न क्षमताओं के आकलन हेतु विविध कार्यों का समर्थन करता है, न कि एकल अंक

(C) एकात्मक सिद्धांत परस्पर असंबद्ध क्षमताओं हेतु अनेक स्वतंत्र उप-परीक्षणों के उपयोग का संकेत देता है

(D) पर्यावरणीय दृष्टिकोण के अनुसार मानकीकृत विधियों से बुद्धि का मापन संभव नहीं

Which interpretation links a theory of intelligence with its measurement implication?

(A) Behaviourist view requires reliance only on self-report measures for assessment

(B) Multifactor theory supports diverse tasks assessing different abilities rather than a single score

(C) Unitary theory implies use of multiple independent subtests for unrelated abilities

(D) Environmental view implies intelligence cannot be measured through standardized methods

10. हुल के अधिगम सिद्धांत में अभ्यस्त व्यवहार के आधारभूत तंत्र के रूप में किस पर बल दिया गया है?

(A) अनुभव से स्वतंत्र परिपक्वता

(B) प्रेरणा में कमी के माध्यम से पुनर्बलन

(C) अवलोकित व्यवहार का अनुकरण

(D) संज्ञानात्मक पुनर्संरचना के माध्यम से अंतर्दृष्टि

Hull's learning theory emphasizes which key mechanism underlying habit formation?

(A) Maturation independent of experience

(B) Reinforcement through drive reduction

(C) Imitation of observed behavior

(D) Insight through cognitive restructuring

11. दर्शन और शिक्षा के संबंध में गलत कथन चुनिए:

(I) दर्शन जीवन का सक्रिय पक्ष और शिक्षा चिंतनशील पक्ष है।

(II) दर्शन विचार प्रक्रिया है; शिक्षा उसका क्रियात्मक रूप है।

(III) दर्शन उद्देश्यों का निर्धारण करता है; शिक्षा उन्हें प्राप्त करने का साधन है।

(IV) शिक्षा दर्शन का गतिशील पक्ष है।

(A) केवल II
(B) केवल I
(C) केवल III
(D) केवल IV

Identify the INCORRECT statement regarding the relation between philosophy and education:

(I) Philosophy is the active side and education the contemplative side of life.

(II) Philosophy is the thinking process; education is its practical realization.

(III) Philosophy determines aims; education is the means to achieve them.

(IV) Education is the dynamic side of philosophy.

(A) II only
(B) I only
(C) III only
(D) IV only

12. --------- को बीजगणितीय (algebraic) रूप से व्यक्त किया जा सकता है और यह आगे की अंकगणितीय गणनाओं के लिए अधिक उपयुक्त होता है।

(A) माध्य
(B) माध्यिका
(C) बहुलक
(D) परास

------------ can be given an algebraic treatment and is better suited to further arithmetic computation.

(A) Mean
(B) Median
(C) Mode
(D) Range

13. उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा का शासन संरचनात्मक रूप से कैसे संगठित है?

(A) मुख्यतः राज्य स्तर पर सीमित स्थानीय भागीदारी के साथ संचालित
(B) राज्य समन्वय के साथ उच्च शिक्षा प्राधिकरणों द्वारा प्रशासित
(C) राज्य, जिला तथा स्थानीय निकायों के बीच समन्वय के माध्यम से संचालित
(D) निजी संस्थानों और राष्ट्रीय बोर्डों के सहयोग से संचालित

In Uttar Pradesh, how is the governance of primary education structurally organized?

(A) Primarily managed at the state level with limited local involvement
(B) Administered through higher education authorities with state coordination
(C) Coordinated among state, district, and local bodies
(D) Managed through collaboration between private institutions and national boards

14. लोकतांत्रिक समाज में शैक्षिक उद्देश्यों और अभिकरणों के संबंध को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) उद्देश्य परिवार, विद्यालय और समाज जैसे अभिकरणों की अंतःक्रिया से गतिशील रूप से निर्मित एवं प्राप्त होते हैं।

(B) अभिकरण केवल उद्देश्यों का क्रियान्वयन करते हैं, उन्हें प्रभावित नहीं करते।

(C) उद्देश्य स्थिर होते हैं और अभिकरणों से स्वतंत्र होते हैं।

(D) अभिकरण केवल प्रशासनिक होते हैं, उद्देश्यों की प्राप्ति में उनकी भूमिका नहीं होती।

Which statement best represents the relation between educational aims and agencies in a democratic society?

(A) Aims are dynamically shaped and realized through interaction of agencies like family, school, and society.

(B) Agencies only implement aims without shaping them.

(C) Aims are fixed and independent of agencies.

(D) Agencies are merely administrative with no role in aim realization.

15. शैक्षिक मूल्यांकन में रेटिंग स्केल की प्रमुख सीमा कौन-सी है?

(A) परीक्षक पक्षपात से पूर्णतः मुक्त होना

(B) प्रेक्षणीय व्यवहार का आकलन न कर पाना

(C) हेलो प्रभाव व उदारता/कठोरता पक्षपात के प्रति संवेदनशीलता

(D) मूल्यांकन में स्तरबद्धता का अभाव

Which limitation is most associated with rating scales in educational evaluation?

(A) Complete freedom from rater bias

(B) Inability to assess observable behaviour

(C) Susceptibility to halo effect and leniency/severity biases

(D) Absence of gradation in assessment

16. उपलब्धि परीक्षण बैटरी के निर्माण के चरणों को सही (क्रमानुसार) बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(I) योजना
(II) निर्माण
(III) मूल्यांकन/आइटम विश्लेषण
(IV) वैधीकरण

(A) IV, II, I, III

(B) I, II, III, IV

(C) IV, III, II, I

(D) I, III, IV, II

Arrange the steps of construction for achievement test battery in ascending order.

(I) Planning
(II) Construction
(III) Evaluation
(IV) Validation

(A) IV, II, I, III

(B) I, II, III, IV

(C) IV, III, II, I

(D) I, III, IV, II

17. शिक्षा में बुद्धि और मानसिक स्वास्थ्य पर विचार करें:

(I) बुद्धि बहुआयामी है और वंशानुक्रम व पर्यावरण से प्रभावित होती है।

(II) बहु-कारक सिद्धांत एकल अंक से आगे विविध आकलन विधियों का समर्थन करते हैं।

(III) केवल उच्च बुद्धि मात्र सुदृढ़ मानसिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करती है।

सही विकल्प चुनिए।

(A) केवल I और III
(B) केवल II और III
(C) I, II और III
(D) केवल I और II

Consider the following statements on intelligence and mental health in education:

(I) Intelligence is multifaceted and influenced by heredity and environment.

(II) Multifactor theories support diverse assessment methods beyond a single score.

(III) High intelligence alone ensures sound mental health.

Which is correct?

(A) I and III only
(B) II and III only
(C) I, II and III
(D) I and II only

18. बुद्धि वह क्षमता है —

(I) सीखने की
(II) अमूर्त चिंतन करने की
(III) समायोजन करने की
(IV) ज्ञान को बुद्धि के समान मानने की

ऊपर दिए गए में से कौन-से सही हैं:

(A) केवल I और II
(B) केवल I और IV
(C) I, III और IV
(D) I, II और III

Intelligence is the ability to -----

(I) learn
(II) deal with abstraction
(III) make adjustment
(IV) equate knowledge with intelligence

Which of the above are correct:

(A) I and II only
(B) I and IV only
(C) I, III and IV
(D) I, II and III

19. कक्षा में पावलॉव के शास्त्रीय अनुबन्धन का उदाहरण कौन-सा है?

(A) अधिगम प्रक्रियाओं में अंतर्दृष्टि व संज्ञानात्मक पुनर्गठन से समझ
(B) तटस्थ उद्दीपन का शिक्षण से जुड़कर ध्यान व तत्परता उत्पन्न करना
(C) अनुप्रयुक्त कक्षा संदर्भों में वास्तविक जीवन की समस्याओं से सीखना
(D) संरचित अधिगम स्थितियों में पुरस्कार व दंड से व्यवहार परिवर्तन

Which situation illustrates Pavlov's classical conditioning in a classroom?

(A) Understanding through insight and cognitive restructuring in learning processes
(B) Neutral stimulus paired with instruction eliciting attention and readiness responses
(C) Learning through solving real-life problems in applied classroom contexts
(D) Behaviour change through rewards and punishments in structured learning situations

20. शिक्षा में शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) सभी शिक्षार्थी समान शिक्षण में समान गति से सीखते हैं।

(B) शिक्षार्थी क्षमताओं, रुचियों व अधिगम शैलियों में भिन्न होते हैं, जिससे विविध शिक्षण आवश्यक होता है।

(C) भिन्नताएँ अस्थायी हैं और मानकीकृत शिक्षण से समाप्त हो जाती हैं।

(D) भिन्नताएँ केवल शारीरिक हैं और अधिगम को प्रभावित नहीं करतीं।

Which statement best reflects individual differences among learners in education?

(A) All learners acquire knowledge at the same pace under identical instruction.

(B) Learners differ in abilities, interests, and learning styles, requiring varied instruction.

(C) Differences are temporary and disappear with standardized teaching.

(D) Individual differences are only physical and do not affect learning.

21. हस्तक्षेप सिद्धांत के अनुसार विस्मरण का सही स्पष्टीकरण कौन-सा है?

(A) अपर्याप्त प्रारंभिक अधिगम के कारण विस्मरण

(B) केवल समय के बीतने से विस्मरण

(C) पूर्व व नवीन अधिगम के बीच प्रतिस्पर्धा से पुनःस्मरण में बाधा

(D) पुनरावृत्ति से विस्मरण समाप्त हो जाता है

Which explanation best reflects forgetting under interference theory in educational contexts?

(A) Forgetting due to inadequate initial encoding

(B) Forgetting caused solely by passage of time

(C) Forgetting due to competition between prior and new learning disrupting retrieval

(D) Forgetting eliminated through repeated rehearsal

22. लोकतांत्रिक ढाँचे में सांप्रदायिकता का प्रतिरोध कौन-सा शैक्षिक दृष्टिकोण करता है?

(A) शैक्षिक प्रक्रियाओं व संदर्भों में सामाजिक व सांस्कृतिक भिन्नताओं से परहेज

(B) आलोचनात्मक समझ, पारस्परिक सम्मान एवं संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला पाठ्यक्रम

(C) विविधता के सीमित समावेशन के साथ एकरूप सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर जोर

(D) सामाजिक संदर्भ के बिना केवल विषयवस्तु पर केंद्रित मूल्य-तटस्थ शिक्षण

Which educational approach counters sectarianism within a democratic framework?

(A) Avoidance of social and cultural differences within educational processes and contexts

(B) Curriculum fostering critical understanding, mutual respect, and constitutional values

(C) Emphasis on uniform cultural perspectives with limited engagement with diversity

(D) Value-neutral instruction focusing only on subject content without social context

23. भारत में शिक्षित बेरोज़गारी से जुड़ा प्रमुख शैक्षिक कारक कौन-सा है?

(A) ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के अवसरों का अभाव

(B) उद्योग आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी संस्थानों का विस्तार

(C) विद्यालय स्तर पर व्यावसायिक एवं कौशल शिक्षा पर अत्यधिक जोर

(D) सामान्य शिक्षा की सामग्री और श्रम बाज़ार की आवश्यकताओं में असंगति

Which educational factor is linked to educated unemployment in India?

(A) Absence of higher education opportunities in rural areas

(B) Expansion of technical institutions aligned with industry needs

(C) Excessive focus on vocational and skill-based schooling

(D) Mismatch between general education content and labour market needs

24. भारतीय शिक्षा प्रणाली में धर्म के अध्ययन को सामान्यतः किस शैक्षिक क्षेत्र के अंतर्गत लिया जाता है?

(A) तुलनात्मक दृष्टिकोण से सांस्कृतिक एवं मूल्य शिक्षा

(B) किसी विशेष धार्मिक सिद्धांत के प्रति आस्था और अनुपालन को बढ़ावा देने हेतु शिक्षण

(C) सामाजिक विज्ञान विषयों का प्रतिस्थापन

(D) शैक्षिक संस्थानों का प्रशासनिक नियमन

Within the Indian education framework, the study of religion is generally approached as part of which of the following educational areas?

(A) Cultural and value education in a comparative perspective

(B) Instruction aimed at promoting adherence to a particular religious doctrine

(C) Replacement of social science disciplines

(D) Administrative regulation of educational institutions

25. शैक्षिक मूल्यांकन में निम्नलिखित में से कौन-सी मान्य ग्रेडिंग प्रणालियाँ हैं?

(I) प्रतिशत ग्रेडिंग (II) GPA/CGPA ग्रेडिंग (III) प्रवीणता आधारित ग्रेडिंग

(A) I, II और III

(B) केवल II और III

(C) केवल I

(D) केवल I और II

Which of the following are recognized grading systems in educational evaluation?

(I) Percentage grading (II) GPA/CGPA grading (III) Mastery grading

(A) I, II and III

(B) II and III only

(C) I only

(D) I and II only

26. निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानक प्रश्नावली की विशेषता नहीं है?

(A) यह खुली होती है और विस्तार से उत्तर देने की अनुमति देती है

(B) यह निष्पक्ष होती है

(C) भाषा सरल होती है

(D) इसमें तकनीकी शब्दावली नहीं होती

Which of the following is NOT a characteristic of a good/standard questionnaire?

(A) Open ended and allows for elaborations

(B) It is neutral

(C) The language is simple

(D) No jargon

27. श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर के शैक्षिक दर्शन को कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से व्यक्त करता है?

(A) शिक्षा स्वतंत्रता, सृजनात्मकता और प्रकृति-सामंजस्य को बढ़ावा दे, जिससे सौंदर्यात्मक व सांस्कृतिक अनुभवों द्वारा समग्र विकास हो।

(B) शिक्षा परंपरा संरक्षण हेतु रटने पर बल दे।

(C) शिक्षा अनुशासन और अधिकार पर आधारित कक्षा-शिक्षण तक सीमित हो।

(D) शिक्षा मुख्यतः आर्थिक आत्मनिर्भरता हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण पर केंद्रित हो।

Which statement best reflects Shri Rabindranath Tagore's educational philosophy?

(A) Education should foster freedom, creativity, and harmony with nature for holistic development through aesthetic and cultural experiences.

(B) Education should emphasize rote learning to preserve tradition.

(C) Education should be confined to structured classrooms stressing discipline and authority.

(D) Education should primarily focus on vocational training for economic self-sufficiency.

28. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शैक्षिक संदर्भों में चिंतनशील चिंतन और नियमित चिंतन के बीच सर्वोत्तम अंतर को स्पष्ट करता है?

(A) चिंतनशील चिंतन उद्देश्यपूर्ण, विचारपूर्वक विश्लेषण एवं विकल्पों के मूल्यांकन द्वारा संचालित होता है, जबकि नियमित चिंतन आदतगत या स्वचालित प्रतिक्रियाओं पर आधारित होता है

(B) चिंतनशील चिंतन सीखी गई प्रतिक्रियाओं की पुनरावृत्ति करता है, जबकि नियमित चिंतन नई परिस्थितियों का विश्लेषण करता है

(C) चिंतनशील चिंतन समस्या-समाधान को शामिल नहीं करता, जबकि नियमित चिंतन उच्च-स्तरीय तर्क पर बल देता है

(D) चिंतनशील चिंतन केवल उन्नत शिक्षार्थियों में होता है, जबकि नियमित चिंतन केवल प्रारंभिक बाल्यावस्था तक सीमित होता है

Which one of the following best distinguishes reflective thinking from routine thinking in educational contexts?

(A) Reflective thinking is characterized by deliberate, goal-directed analysis and evaluation of alternatives, whereas routine thinking relies on habitual or automatic responses

(B) Reflective thinking involves repetition of learned responses, whereas routine thinking requires analysis of new situations

(C) Reflective thinking excludes problem-solving, whereas routine thinking emphasizes higher-order reasoning

(D) Reflective thinking occurs only in advanced learners, whereas routine thinking is limited to early childhood

29. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | एडवर्ड थॉर्नडाइक | (I) | प्रबलन अनुसूचियों सहित क्रिया प्रसूत अनुबन्धन |
| (b) | इवान पावलॉव | (II) | उद्दीपन-संघ द्वारा शास्त्रीय अनुबन्धन |
| (c) | बी. एफ. स्किनर | (III) | प्रभाव के नियम सहित प्रयास-त्रुटि अधिगम |
| (d) | क्लार्क एल. हुल | (IV) | ड्राइव रिडक्शन सिद्धांत |

(A) a-III, b-I, c-II, d-IV
(B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I

Match List-I with List-II and choose the correct answer:

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Edward Thorndike | (I) | Operant conditioning with reinforcement schedules |
| (b) | Ivan Pavlov | (II) | Classical conditioning via stimulus association |
| (c) | B. F. Skinner | (III) | Trial-and-error learning with Law of Effect |
| (d) | Clark L. Hull | (IV) | Drive reduction theory |

(A) a-III, b-I, c-II, d-IV
(B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I

30. कौन-सी विशेषता मुक्त विद्यालयी शिक्षा को सामान्य दूरी शिक्षा से अलग करती है?

(A) लचीला प्रवेश, गति एवं मूल्यांकन के साथ मान्यता
(B) संरचना का अभाव बनाम संरचित पाठ्यक्रम
(C) वयस्क उन्मुखता बनाम स्कूली आयु सीमा
(D) स्व-अध्ययन आधारित बनाम आमने-सामने निर्भरता

Which feature differentiates open schooling from general distance education?

(A) Flexible entry, pace, and assessment with recognition
(B) Absence versus presence of structured curriculum
(C) Adult orientation versus school-age restriction
(D) Self-instructional mode versus face-to-face dependence

31. कॉफ्का के गेस्टाल्ट दृष्टिकोण के अनुसार शिक्षण-अधिगम को कौन-सा सिद्धांत निर्देशित करता है?

(A) नियंत्रित शिक्षण परिस्थितियों में प्रबलन व पुनरावृत्ति द्वारा अधिगम
(B) संज्ञानात्मक संगठन प्रक्रियाओं के बिना केवल प्रत्यक्ष व्यवहार तक सीमित अधिगम
(C) संगठित समग्र के बोध के रूप में अधिगम, जो सार्थक शिक्षण प्रक्रियाओं को मार्गदर्शन करता है
(D) क्रमिक अधिगम प्रक्रियाओं में उद्दीपन-प्रतिक्रिया संचय के रूप में अधिगम

According to Koffka's Gestalt view, which principle guides teaching–learning?

(A) Learning through reinforcement and repetition in controlled instructional situations
(B) Learning confined to observable behaviour without cognitive organization processes
(C) Learning as perception of organized wholes guiding meaningful instructional processes
(D) Learning as accumulation of stimulus–response associations in sequential learning processes

32. थॉर्नडाइक के "अभ्यास के नियम" के दो उप-भाग होते हैं -------

(A) तत्परता का नियम और दृष्टिकोण का नियम
(B) एकीकरण का नियम और प्रभाव का नियम
(C) सादृश्य का नियम और बहु-प्रतिक्रिया का नियम
(D) उपयोग का नियम और अनुपयोग का नियम

Thorndike's law of exercise has two sub parts -------

(A) Law of Readiness and Law of Attitude
(B) Law of Integration and Law of Effect
(C) Law of Analogy and Law of Multiple Response
(D) Law of Use and Law of Disuse

33. वयस्कों की तुलना में बच्चों की हड्डियों में अपेक्षाकृत ------ पाया जाता है।

(A) पानी की शून्य मात्रा तथा कम मात्रा में खनिज पदार्थ
(B) अधिक मात्रा में पानी तथा कम मात्रा में खनिज पदार्थ
(C) कम मात्रा में पानी तथा अधिक मात्रा में खनिज पदार्थ
(D) अधिक मात्रा में पानी तथा खनिज पदार्थ की शून्य मात्रा

The bones of a child contain relatively a -------- compared to those of adults.

(A) Nil amount of water and smaller quantity of mineral matter
(B) Larger amount of water and smaller quantity of mineral matter
(C) Smaller amount of water and larger quantity of mineral matter
(D) Larger amount of water and nil quantity of mineral matter

34. शिक्षा में मानदंड-संदर्भित मापन की सही विशेषता कौन-सी है?

(A) मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थियों को क्रमबद्ध करना है
(B) प्रदर्शन का मूल्यांकन निर्धारित उद्देश्यों के आधार पर, बिना तुलना के किया जाता है
(C) प्रदर्शन का आकलन मानक समूह के संदर्भ में किया जाता है
(D) अंकों को सामान्य वक्र के अनुसार वितरित किया जाता है

Which statement best defines criterion-referenced measurement in education?

(A) Evaluation is used to rank learners within a group
(B) Performance is judged against defined objectives without peer comparison
(C) Performance is interpreted relative to a normative group
(D) Scores are fitted to a normal distribution for comparison

35. एक उपलब्धि परीक्षण में $Q_1 = 40$ और $Q_3 = 70$ है। यह क्या दर्शाता है?

(A) अंतर-चतुर्थक परास 30 है
(B) 75% विद्यार्थी 40 से कम अंक प्राप्त करते हैं
(C) 50% विद्यार्थी 40 और 70 के बीच अंक प्राप्त करते हैं (अंतर-चतुर्थक परास)
(D) 25% विद्यार्थी 70 से अधिक और 75% विद्यार्थी 40 से कम अंक प्राप्त करते हैं

In an achievement test, $Q_1 = 40$ and $Q_3 = 70$. What does this indicate?

(A) The interquartile range is 30
(B) 75% of students scored below 40
(C) 50% of students scored between 40 and 70 (interquartile range)
(D) 25% of students scored above 70 and 75% scored below 40

36. सामाजिक परिवर्तन के संदर्भ में शिक्षा का कार्यात्मकतावादी दृष्टिकोण कौन-सा है?

(A) शिक्षा संरचनाओं को चुनौती देकर क्रांतिकारी परिवर्तन लाती है।

(B) शिक्षा प्रभुत्वशाली वर्गों के हित में असमानता को पुनरुत्पादित करती है।

(C) शिक्षा सामाजिक संरचनाओं से स्वतंत्र है।

(D) शिक्षा मूल्यों का संचार कर और भूमिकाओं के लिए तैयार कर स्थिरता व क्रमिक परिवर्तन को बढ़ाती है।

Which statement reflects the functionalist view of education in relation to social change?

(A) Education drives revolutionary change by challenging structures.

(B) Education serves dominant groups by reproducing inequality.

(C) Education operates independently of social structures.

(D) Education promotes stability and gradual change by transmitting values and preparing for social roles.

37. शिक्षा में व्यक्तित्व मापन के लिए नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें:

(I) यह विद्यार्थियों की व्यवहारिक प्रवृत्तियों को समझने में सहायक है।

(II) व्यक्तित्व लक्षण अधिगम या कक्षा व्यवहार को प्रभावित नहीं करते।

सही विकल्प चुनिए।

(A) केवल I सही है।

(B) केवल II सही है।

(C) I और II दोनों सही हैं।

(D) I और II दोनों गलत हैं।

Consider the following statements on personality measurement in education:

(I) It helps understand students' behavioural tendencies.

(II) Personality traits do not influence learning or classroom behaviour.

Which of the above statements is correct?

(A) Only I is correct

(B) Only II is correct

(C) Both I and II are correct

(D) Both I and II are incorrect

38. रचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देते हुए शैक्षणिक कठोरता बनाए रखने के लिए कौन-सी प्रक्रिया उपयुक्त है?

(A) बिना मानदंड के पूर्ण स्वतंत्रता

(B) खुले-अंत समस्या-समाधान, बहु-दृष्टिकोण व मौलिकता-प्रासंगिकता आधारित मूल्यांकन

(C) एक सही उत्तर वाले कार्य, शुद्धता पर बल

(D) रचनात्मकता से पूर्व रटने पर जोर

Which practice best fosters creative thinking while maintaining academic rigor?

(A) Unrestricted freedom without criteria or guidance

(B) Open-ended problem solving with multiple perspectives and evaluation for originality and relevance

(C) Tasks with single correct answers emphasizing accuracy

(D) Emphasis on memorization before creative engagement

39. एक शिक्षक एक कक्षा में आत्मनिरीक्षण, नैतिक तर्क व संवाद पर बल देता है, तथा दूसरी में पर्यावरणीय अंतःक्रिया व प्राकृतिक परिणामों से अधिगम कराता है। ये दृष्टिकोण क्रमशः किन दार्शनिक धाराओं को दर्शाते हैं?

(A) यथार्थवाद और प्रयोजनवाद
(B) प्रयोजनवाद और यथार्थवाद
(C) आदर्शवाद और प्राकृतिकवाद
(D) प्राकृतिकवाद और आदर्शवाद

A teacher uses introspection, moral reasoning, and dialogue in one class, and learning through environmental interaction and natural consequences in another. These approaches reflect which philosophies, respectively?

(A) Realism and Pragmatism
(B) Pragmatism and Realism
(C) Idealism and Naturalism
(D) Naturalism and Idealism

40. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संस्कृति और शिक्षा के बीच संबंध को सबसे अच्छे रूप में वर्णित करता है?

(A) शिक्षा समाज के सांस्कृतिक मूल्यों, विश्वासों और प्रथाओं का संचरण और संरक्षण करती है
(B) शिक्षा सांस्कृतिक प्रभावों से स्वतंत्र रूप से कार्य करती है
(C) संस्कृति केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से बनती है और समाज का कोई प्रभाव नहीं होता
(D) शिक्षा संस्कृति को पूरी तरह बदलकर नए मूल्य स्थापित कर देती है

Which one of the following best describes the relationship between culture and education?

(A) Education transmits and preserves the cultural values, beliefs, and practices of a society
(B) Education operates independently of cultural influences
(C) Culture is formed only through formal schooling without influence from society
(D) Education replaces culture by introducing entirely new value systems

41. उत्तर प्रदेश में शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

(I) प्राथमिक शिक्षा का संचालन स्थानीय निकायों सहित विकेन्द्रीकृत प्रणाली के माध्यम से होता है।
(II) माध्यमिक शिक्षा का नियमन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (UPMSP) द्वारा किया जाता है।
(III) उच्च शिक्षा का संचालन विश्वविद्यालयों के माध्यम से UGC एवं राज्य सरकार के अधीन होता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(A) केवल I और III सही हैं
(B) केवल II और III सही हैं
(C) I, II और III सही हैं
(D) केवल I और II सही हैं

Consider the following statements regarding education in Uttar Pradesh:

(I) Primary education is administered through a decentralized system involving local bodies.
(II) Secondary education is regulated by the Uttar Pradesh Madhyamik Shiksha Parishad (UPMSP).
(III) Higher education is governed by universities under UGC and State Government.

Which of the above statements are correct?

(A) Only I and III are correct
(B) Only II and III are correct
(C) I, II and III are correct
(D) Only I and II are correct

42. उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्र अशांति किस स्थिति में सर्वाधिक बढ़ने की संभावना कब होती है?

(A) सह-पाठ्यक्रम एवं पाठ्येतर गतिविधियों के विस्तार होने पर

(B) प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और छात्र सहभागिता होने पर

(C) संस्थागत प्राधिकरण और छात्रों की आकांक्षाओं के बीच असंगति होने पर

(D) पाठ्यक्रम और रोजगार के अवसरों के बीच सामंजस्य होने पर

Student unrest in higher education institutions is most likely to intensify when there is:

(A) Expansion of co-curricular and extracurricular activities

(B) Transparent administrative processes and student participation

(C) Perceived disconnect between institutional authority and student aspirations

(D) Alignment between curriculum and employment opportunities

43. शिक्षा दर्शन की सिद्धांत और व्यवहार के समन्वयकारी भूमिका को कौन-सा कथन व्यक्त करता है?

(A) तत्त्वमीमांसा, ज्ञानमीमांसा व मूल्यमीमांसा के आधारों से उद्देश्यों, विषय-वस्तु व विधियों का मार्गदर्शन प्रदान करता है

(B) अनुभवजन्य अनुसंधान के स्थान पर निश्चित निर्देश प्रस्तुत करता है

(C) अधिगम परिणामों के सांख्यिकीय मापन की ओर उन्मुख रहता है

(D) अमूर्त चिंतन तक सीमित रहकर शैक्षिक व्यवहार से सार्थक रूप से असंबद्ध रहता है

Which statement expresses the integrative role of educational philosophy in relating theory to practice?

(A) Integrates metaphysical, epistemological, and axiological bases to guide aims, content, and methods

(B) Substitutes empirical inquiry with fixed prescriptions

(C) Oriented to statistical measurement of learning outcomes

(D) Remains confined to abstract theorizing without meaningful linkage to educational practice

44. उपसंस्कृति एक ऐसा समूह है जो एक बड़ी ------- के भीतर होता है।

(A) संस्था

(B) परिवार

(C) समाज

(D) पड़ोस

A subculture is a group within a larger -------.

(A) Institute

(B) Family

(C) Society

(D) Neighbour

45. मनोविज्ञान को किसका वैध संतान माना जाता है?

(A) समाजशास्त्र

(B) दर्शनशास्त्र

(C) मानसिक विज्ञान

(D) विज्ञान

Psychology is a legitimate child of ------

(A) Sociology

(B) Philosophy

(C) Mental Science

(D) Science

46. बालिकाओं की शैक्षिक सहभागिता हेतु कोठारी आयोग की कौन-सी सिफारिश थी?

(A) केवल पुरुषों के लिए तकनीकी संस्थान स्थापित करना

(B) क्षेत्रीय भाषाओं के स्थान पर अंग्रेज़ी माध्यम लागू करना

(C) नामांकन व निरंतरता हेतु छात्रवृत्ति, छात्रावास एवं प्रोत्साहन सुविधाएँ

(D) उच्च शिक्षा में सेमेस्टर प्रणाली का परिचय

Which Kothari Commission recommendation addressed girls' participation in education?

(A) Establishment of technical institutions exclusively for male students

(B) Replacement of regional languages with English medium instruction

(C) Incentives like scholarships, hostels, and support for enrolment and retention

(D) Introduction of semester system in higher education institutions

47. ------- के अनुसार, शिक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चे को अनुभव के माध्यम से मूल्यों का सृजन और पुनर्निर्माण करने में सक्षम बनाना है।

(A) आदर्शवाद

(B) अस्तित्ववाद

(C) प्रयोगवाद

(D) प्राकृतिकवाद

The main aim of education, according to -------, is to enable the child to create and reconstruct values through experience.

(A) Idealism

(B) Existentialism

(C) Pragmatism

(D) Naturalism

48. शिक्षा प्रणाली में बढ़ते शहरीकरण से कौन-सा परिणाम प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है?

(A) व्यावसायिक व तकनीकी आवश्यकताओं हेतु विशिष्ट एवं विविध संस्थानों का विस्तार

(B) संरचित संस्थागत ढाँचों के बिना सामुदायिक अनौपचारिक अधिगम की ओर झुकाव

(C) शहरी जनसंख्या के संकेंद्रण से शिक्षा तक पहुँच में कमी

(D) तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा की मांग में गिरावट

Which outcome is directly linked to increasing urbanization in education systems?

(A) Expansion of specialized and diversified institutions for occupational and technological needs

(B) Shift toward informal community learning without structured institutional frameworks and systems

(C) Reduced access due to concentration of population in urban areas

(D) Decline in demand for technical and professional education sectors

49. जब शैक्षिक नीतियाँ और प्रक्रियाएँ विद्यार्थियों की भाषाई विविधता को स्वीकार नहीं करती हैं, तो ऐसे विद्यार्थी उन स्थानों को खोजने में कठिनाई महसूस करते हैं जहाँ उनकी / उनके ------ को मान्यता मिलती है।

(A) अवसरों को

(B) पहचान को

(C) बुद्धिमत्ता को

(D) संचार कौशल

When educational policies and practices do not acknowledge the linguistic diversity of students, these students may struggle to find spaces where their ------ are validated.

(A) opportunities

(B) identities

(C) intelligence

(D) communication skills

50. निम्नलिखित में से कौन-सी मूल्यांकन विधि उद्देश्यपूर्ण एवं नियंत्रित अंतःक्रिया के माध्यम से व्यक्ति से गहन गुणात्मक जानकारी प्राप्त करती है?

(A) अवलोकन
(B) साक्षात्कार
(C) प्रश्नावली
(D) समाजमिति

Which evaluation method involves purposeful, controlled interaction to obtain in-depth qualitative information from an individual?

(A) Observation
(B) Interview
(C) Questionnaire
(D) Sociometry

51. किसी मापन उपकरण की विश्वसनीयता सामान्यतः उसकी संगति की मात्रा के रूप में व्यक्त की जाती है, जिसे सामान्यतः ------- द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

(A) सहसंबंध गुणांक
(B) मानक विचलन
(C) प्रतिशतक
(D) माध्य

The reliability of a measuring instrument is usually expressed as the degree of consistency, commonly represented by a -------

(A) Co-efficient of correlation
(B) Standard deviation
(C) Percentile
(D) Mean

52. शैक्षिक समाजशास्त्र परिवार, विद्यालय तथा सहकर्मी समूह के साथ शैक्षिक प्रक्रियाओं को समझने हेतु किस अतिरिक्त क्षेत्र का अध्ययन करता है?

(A) शिक्षा की पहुँच, अवसरों एवं परिणामों को प्रभावित करने वाली आर्थिक संस्थाएँ
(B) कक्षा शिक्षण में प्रयुक्त तकनीकी साधन एवं उपकरण
(C) व्यक्तिगत अधिगम क्षमताओं को प्रभावित करने वाले मनोवैज्ञानिक गुण
(D) संज्ञानात्मक विकास और परिपक्वता को निर्धारित करने वाले जैविक कारक

Educational sociology examines family, school, peer group, and which additional domain in understanding educational processes?

(A) Economic institutions influencing access, opportunity, and educational outcomes
(B) Technological tools used for classroom instruction and delivery
(C) Individual psychological traits shaping personal learning abilities
(D) Biological factors determining cognitive development and maturation

53. सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की द्वैध भूमिका को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) सामाजिक संरचनाओं को बनाए रखते हुए निरंतरता बनाए रखती है, पर परिवर्तन को प्रोत्साहित नहीं करती

(B) मानदंडों का संचार करते हुए आलोचनात्मक चिंतन, नवाचार व अनुकूलन को बढ़ावा देती है

(C) सामाजिक निरंतरता के बिना व्यापक परिवर्तन को बढ़ावा देती है

(D) सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाओं से स्वतंत्र रूप से कार्य करती है

Which statement reflects education's dual role in social change?

(A) Preserves social structures while maintaining continuity without fostering transformative change

(B) Transmits norms while fostering critical thinking, innovation, and adaptation

(C) Promotes extensive change without maintaining continuity in social systems

(D) Functions independently of processes of social change and transformation

54. DIKSHA का पूर्ण रूप क्या है?

(A) डिजिटल इंस्टिट्यूशनल नॉलेज फॉर स्कूल हेडमास्टर एंड एडमिनिस्ट्रेटर

(B) डिजिटल इंस्टिट्यूट फॉर नॉलेज, साइंस, होम एंड एग्रीकल्चर

(C) डिजिटल इंस्टिट्यूट फॉर नॉलेज, साइंस, हेल्थ एंड अरिथमेटिक

(D) डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर नॉलेज शेयरिंग

DIKSHA stands for ---------

(A) Digital Institutional Knowledge for School Headmaster and Administrator

(B) Digital Institute for Knowledge, Science, Home and Agriculture

(C) Digital Institute for Knowledge, Science, Health and Arithmetic

(D) Digital Infrastructure for Knowledge Sharing

55. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शैक्षिक आँकड़ों के विश्लेषण में मानक विचलन की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(A) यह कच्चे अंकों को प्रतिशतक रैंक में परिवर्तित करता है

(B) यह माध्य के आसपास अंकों के प्रसार को मापता है

(C) यह वितरण में सर्वाधिक बार आने वाले अंक को निर्धारित करता है

(D) यह उस केंद्रीय मान को दर्शाता है जिसके आसपास सभी अंक समूहित होते हैं

Which one of the following best describes the role of standard deviation in the analysis of educational data?

(A) It converts raw scores into percentile ranks

(B) It measures the spread or dispersion of scores around the mean

(C) It determines the most frequently occurring score in a distribution

(D) It indicates the central value around which all scores are clustered

56. परीक्षण और मूल्यांकन अपेक्षाकृत ------- होते हैं।

(A) महंगे
(B) मूल्यवान
(C) सस्ते
(D) अत्यधिक महंगे

Tests and assessments are relatively ------

(A) Expensive
(B) Precious
(C) Inexpensive
(D) Very expensive

57. सारात्मक मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य ------ है।

(A) ग्रेडिंग
(B) ग्रेडिंग या शिक्षण में सुधार
(C) ग्रेडिंग या विद्यार्थियों की उपलब्धि का प्रमाणीकरण
(D) ग्रेडिंग और उपचारात्मक शिक्षण

The main purpose of summative assessment is -------.

(A) Grading
(B) Grading or improved instruction
(C) Grading or the certification of student achievement
(D) Grading and remedial teaching

58. उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में संबद्धता प्रणाली मुख्यतः कौन-सा संरचनात्मक कार्य करती है?

(A) महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों से पाठ्यक्रम, परीक्षा तथा उपाधि प्रदान करने हेतु जोड़ना
(B) व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों को माध्यमिक शिक्षा बोर्डों के साथ एकीकृत करना
(C) विद्यालय स्तर की संस्थाओं को प्रशासनिक कार्यों हेतु राज्य एजेंसियों से समन्वित करना
(D) निजी कोचिंग संस्थानों को मानकीकृत प्रवेश प्रक्रियाओं के माध्यम से विनियमित करना

In Uttar Pradesh, the affiliating system in higher education primarily serves which structural function?

(A) Linking colleges with universities for curriculum, examination, and degree awarding
(B) Integrating vocational training centres with secondary education boards
(C) Coordinating school-level institutions with state agencies for administrative purposes
(D) Regulating private coaching institutions through standardized admission procedures

59. भारत में शिक्षा की संवैधानिक स्थिति को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) मौलिक अधिकार, नीति-निर्देशक सिद्धांत तथा केंद्र–राज्य दायित्व में निहित है
(B) केवल राज्य विषय, जिसमें केंद्र की सीमित भूमिका और अधिकारों से कमजोर संबंध है
(C) एकरूपता हेतु पूर्णतः केंद्र के अधीन
(D) केवल नीति-निर्देशक सिद्धांत, बिना प्रवर्तनीय अधिकार के

Which statement captures the constitutional status of education in India?

(A) Located in Fundamental Rights, Directive Principles, and Centre–State responsibility
(B) Exclusive State subject with limited central role and weak linkage to rights provisions
(C) Fully centralized under Union control for uniformity
(D) Directive Principle without enforceable right status

60. राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का उद्देश्य 80 मिलियन निरक्षर व्यक्तियों को ----- वर्ष आयु वर्ग में कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना है।

(A) 05-40
(B) 10-40
(C) 05-35
(D) 15-35

The National Literacy Mission aims at impart functional literacy to 80 million illiterate persons in the age group -------- years.

(A) 05-40
(B) 10-40
(C) 05-35
(D) 15-35

61. कक्षा प्रक्रियाओं में शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कौन-सा करता है?

(A) शिक्षार्थी व्यवहार और कक्षा प्रक्रियाओं से असंबद्ध दार्शनिक आधारों का अध्ययन
(B) अधिगम, प्रेरणा, व्यक्तिगत भिन्नता, अंतःक्रिया व मूल्यांकन का विश्लेषण
(C) शिक्षार्थी विशेषताओं और कक्षा अंतःक्रिया प्रक्रियाओं की उपेक्षा करते हुए केवल पाठ्यक्रम पर ध्यान
(D) उपलब्धि व बुद्धि के सांख्यिकीय मापन तक सीमित

Which area represents the scope of educational psychology in classroom processes?

(A) Study of philosophical bases without reference to learner behaviour and classroom processes
(B) Analysis of learning, motivation, individual differences, interaction, and evaluation
(C) Focus on curriculum design without considering learner characteristics and classroom interaction processes
(D) Limitation to statistical measurement of achievement and intelligence

62. निम्नलिखित में से कौन मनुष्य के आध्यात्मिक स्वरूप में विश्वास नहीं करता है?

(A) सूफीवाद
(B) प्राकृतिकवाद
(C) यथार्थवाद
(D) आदर्शवाद

Which of the following does not believe in the spiritual nature of man?

(A) Sufism
(B) Naturalism
(C) Realism
(D) Idealism

63. शिक्षा में आदर्शवाद के उद्देश्यों, पाठ्यक्रम, विधियों और अनुशासन का सही संयोजन कौन-सा है?

(A) उद्देश्य: आत्म-साक्षात्कार; पाठ्यक्रम: मानविकी व मूल्य; विधि: सोक्रेटिक संवाद व आत्मनिरीक्षण; अनुशासन: आत्म-अनुशासन

(B) उद्देश्य: पर्यावरण अनुकूलन; पाठ्यक्रम: जीवन-केंद्रित गतिविधियाँ; विधि: प्रयोगात्मक दृष्टिकोण; अनुशासन: प्राकृतिक परिणाम

(C) उद्देश्य: भौतिक दक्षता; पाठ्यक्रम: वैज्ञानिक-तकनीकी विषय; विधि: करके सीखना; अनुशासन: बाह्य नियंत्रण

(D) उद्देश्य: सामाजिक पुनर्निर्माण; पाठ्यक्रम: व्यावसायिक विषय; विधि: प्रोजेक्ट विधि; अनुशासन: सामाजिक नियंत्रण

Which combination correctly represents the idealist view of aims, curriculum, methods, and discipline in education?

(A) Aim: Self-realization; Curriculum: Humanities and values; Method: Socratic dialogue and introspection; Discipline: Self-discipline

(B) Aim: Environmental adaptation; Curriculum: Life-centered activities; Method: Experimental approach; Discipline: Natural consequences

(C) Aim: Material efficiency; Curriculum: Scientific–technical subjects; Method: Learning by doing; Discipline: External control

(D) Aim: Social reconstruction; Curriculum: Vocational subjects; Method: Project method; Discipline: Social control

64. बाल्यावस्था के सामाजिक विकास से कक्षा-प्रक्रिया को कौन-सा दृष्टिकोण मार्गदर्शित करता है?

(A) व्यक्तिगत उपलब्धि हेतु एकाकी अधिगम पर बल

(B) अनुशासन हेतु सहपाठी अंतःक्रिया का प्रतिबंध

(C) अंतःक्रिया, सहयोग व सामाजिक कौशल विकसित करने वाले वातावरण का निर्माण

(D) सहपाठी प्रभाव को अनदेखा कर केवल बौद्धिक कार्यों पर ध्यान

How does social development in childhood most directly inform classroom practice?

(A) Emphasizing solitary learning for individual achievement

(B) Restricting peer interaction to maintain discipline

(C) Structuring environments that foster interaction, cooperation, and social skills

(D) Focusing only on intellectual tasks, ignoring peer influence

65. निम्नलिखित में से मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(A) मानसिक स्वास्थ्य नैतिक या आचार संबंधी मानकों से भिन्न होता है

(B) मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से घनिष्ठ रूप से संबंधित है

(C) पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य एक वास्तविकता है।

(D) मानसिक स्वास्थ्य एक गतिशील अवधारणा है

Which of the following statements is not true about mental health?

(A) Mental health is distinct from moral or ethical standards

(B) Mental health is closely related to physical health.

(C) Perfect mental health is a reality.

(D) Mental health is a dynamic concept.

66. वैदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञानों के समन्वय पर आधारित शैक्षिक मॉडल का समर्थन किस भारतीय शिक्षाविद् ने किया, जिसका दृष्टिकोण समकालीन सुधारों जैसे NEP 2020 में भी परिलक्षित होता है?

(A) मदन मोहन मालवीय
(B) श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर
(C) श्री अरविंद
(D) स्वामी विवेकानंद

Which Indian educationist advocated an educational model integrating Vedic knowledge with modern sciences, a vision echoed in contemporary reforms such as NEP 2020?

(A) Madan Mohan Malaviya
(B) Shri Rabindranath Tagore
(C) Sri Aurobindo
(D) Swami Vivekananda

67. बाल्यावस्था के शारीरिक विकास के सिद्धांतों से कौन-सा शैक्षिक निहितार्थ सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से निकलता है?

(A) मोटर विकास, स्वास्थ्य आवश्यकताओं व शारीरिक तत्परता के अनुरूप गतिविधियों की योजना
(B) शारीरिक विकास की अनदेखी कर संज्ञानात्मक विकास को प्राथमिकता देना
(C) विकास स्तर की उपेक्षा कर अमूर्त तर्क पर आधारित शिक्षण
(D) विकासात्मक विविधता की उपेक्षा कर मानकीकृत शिक्षण विधियाँ

Which educational implication most directly follows from principles of physical development in childhood?

(A) Planning activities aligned with motor development, health needs, and physical readiness
(B) Prioritizing cognitive growth while neglecting physical development patterns
(C) Designing instruction around abstract reasoning irrespective of developmental stage
(D) Standardizing methods without regard to developmental variability

68. राधाकृष्णन विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948–49) ने ------- शिक्षा के महत्वपूर्ण कार्यों (उद्देश्यों) को परिभाषित किया।

(A) उच्च शिक्षा
(B) प्राथमिक शिक्षा
(C) प्रारंभिक शिक्षा
(D) त्रिभाषा सूत्र

The Radhakrishnan Commission on University Education (1948–49) defined the vital tasks of -- ------- education.

(A) Higher Education
(B) Primary Education
(C) Elementary Education
(D) Three Language formula

69. कौन-सी शैक्षिक दार्शनिक विचारधारा शिक्षार्थी के वास्तविक परिवेश के साथ प्रभावी अंतःक्रिया सुनिश्चित करने के लिए मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम मानती है?

(A) प्रयोगवाद
(B) आदर्शवाद
(C) यथार्थवाद
(D) प्राकृतिकवाद

Which philosophical school of education supports the use of the mother tongue as the medium of instruction primarily to ensure effective interaction with the learner's real environment?

(A) Pragmatism
(B) Idealism
(C) Realism
(D) Naturalism

70. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) का उद्देश्य 2035 तक भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार करना है तथा बहुविषयक संस्थानों, लचीले पाठ्यक्रमों और प्रौद्योगिकी के एकीकरण के माध्यम से सकल नामांकन अनुपात (GER) को ---------% तक बढ़ाना है।

(A) 60 (B) 40 (C) 50 (D) 30

The NEP 2020 aims to overhaul Indian higher education by 2035, increasing the Gross Enrollment Ratio (GER) to --------% through multidisciplinary institutions, flexible curricula, and technology integration.

(A) 60 (B) 40 (C) 50 (D) 30

71. निम्नलिखित में से कोठारी आयोग की कौन-सी सिफारिश विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए की गई थी?

(A) विद्यालयी शिक्षा में त्रिभाषा सूत्र का कार्यान्वयन
(B) विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली का परिचय
(C) माध्यमिक स्तर पर तकनीकी शिक्षा का विस्तार
(D) शिक्षा की 10+2+3 संरचना को अपनाना

Which one of the following recommendations of the Kothari Commission was specifically aimed at promoting national integration through education?

(A) Implementation of the three-language formula in school education
(B) Introduction of semester system in universities
(C) Expansion of technical education at the secondary level
(D) Adoption of the 10+2+3 structure of education

72. रस्क के अनुसार आदर्शवादी पाठ्यक्रम की योजना निम्नलिखित में से किस प्रकार सर्वाधिक उपयुक्त रूप से व्यक्त की जा सकती है?

(A) शिक्षार्थी के आध्यात्मिक विकास के साथ शारीरिक गतिविधियों का समन्वय
(B) शारीरिक गतिविधियों के साथ सौंदर्यात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर बल
(C) संतुलित विकास हेतु शारीरिक एवं संज्ञानात्मक गतिविधियों का विभाजन
(D) व्यावसायिक एवं सामाजिक उपयोगिता पर आधारित पाठ्यक्रम का संगठन

According to Rusk, the idealistic scheme of curriculum is best characterized by which of the following?

(A) Integration of physical activities with spiritual development of the learner
(B) Emphasis on physical activities along with aesthetic and cultural pursuits
(C) Division into physical and cognitive activities for balanced development
(D) Organization of curriculum around vocational and socially useful activities

73. कौन-सी मानक-निर्धारण विधि प्रत्येक आइटम के लिए न्यूनतम दक्ष अभ्यर्थी द्वारा सही उत्तर देने की संभावना का अनुमान लगाकर कट-ऑफ निर्धारित करती है?

(A) मानक-संदर्भित ग्रेडिंग
(B) प्रतिशतक रैंक विधि
(C) Z-स्कोर रूपांतरण
(D) एंगॉफ विधि

Which standard-setting method estimates, for each item, the probability that a minimally competent candidate answers correctly to set the cut-off score?

(A) Norm-referenced grading
(B) Percentile rank method
(C) Z-score transformation
(D) Angoff method

74. शहरीकरण और आधुनिकीकरण से शिक्षा का संबंध किस प्रकार है?

(A) आधुनिकीकरण की प्रक्रियाओं में शैक्षिक संस्थानों के पतन की ओर ले जाती है

(B) शहरी अनौपचारिक अधिगम के माध्यम से औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता घटाती है

(C) सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप स्वयं को ढालते हुए गतिशीलता, कौशल व आधुनिकीकरण को प्रेरित करती है

(D) शहरीकरण व सामाजिक परिवर्तन प्रक्रियाओं से स्वतंत्र रूप से कार्य करती है

How does education relate to urbanization and modernization?

(A) Leads to decline of educational institutions under modernization processes

(B) Reduces reliance on formal education through informal urban learning

(C) Adapts to and drives social change through mobility, skills, and modernization

(D) Functions independently of urbanization and social transformation processes

75. शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत भिन्नताओं के प्रति कौन-सा शैक्षिक दृष्टिकोण उपयुक्त है?

(A) शिक्षार्थियों की क्षमताओं व रुचियों के अनुसार रणनीति, सामग्री व गति का अनुकूलन

(B) विविध क्षमताओं व आवश्यकताओं की उपेक्षा करते हुए केवल औसत शिक्षार्थियों पर ध्यान

(C) शिक्षण रणनीतियों व सामग्री में लचीलापन बिना उपलब्धि के आधार पर कठोर समूहकरण

(D) कक्षा संदर्भों में सभी के लिए समान व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु एकसमान शिक्षण

Which approach addresses individual differences among learners in education?

(A) Adapting strategies, materials, and pace to learners' abilities and interests

(B) Focus on average learners with limited attention to diverse ability levels and needs

(C) Rigid grouping by achievement without flexibility in teaching strategies or materials

(D) Uniform instruction ensuring equal treatment for all learners in classroom contexts

76. अवधारणा निर्माण और अधिगम के स्थानांतरण के लिए कौन-सा दृष्टिकोण सर्वोत्तम है?

(A) विविध उदाहरण व प्रति-उदाहरण देकर तुलना, अमूर्तन व विभिन्न संदर्भों में अनुप्रयोग

(B) परिभाषाओं के बाद समान उदाहरणों का पुनरावृत्ति अभ्यास

(C) शिक्षण को एक ही संदर्भ तक सीमित रखना

(D) अनुप्रयोग से पहले प्रमुख शब्दों का रटन

Which approach best facilitates concept formation with transfer of learning?

(A) Varied examples and non-examples with comparison, abstraction, and cross-context application

(B) Definitions followed by repetitive identical examples

(C) Restricting instruction to a single context

(D) Memorizing key terms before application

77. निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण व्यक्तियों के स्व-रिपोर्ट उत्तरों के माध्यम से व्यक्तित्व लक्षणों का आकलन करने के लिए विशेष रूप से निर्मित है?

(A) उपलब्धि परीक्षण (B) व्यक्तित्व सूची (C) घटनात्मक अभिलेख (D) अवलोकन अनुसूची

Which one of the following tools is specifically designed to assess personality traits through self-reported responses of individuals?

(A) Achievement test (B) Personality inventory

(C) Anecdotal record (D) Observation schedule

78. भारतीय शिक्षा के विकास और आधुनिक प्रथाओं पर उसके प्रभाव के संदर्भ में कथनों पर विचार करें:

(I) प्रारंभिक शिक्षा में शिक्षक-शिक्षार्थी निकटता और नैतिक-आध्यात्मिक विकास पर बल था, जिसने मूल्य-आधारित शिक्षा को प्रभावित किया।

(II) प्राचीन केन्द्रों ने संवाद व जिज्ञासा को बढ़ावा दिया, जिन्होंने आधुनिक शिक्षण को प्रभावित किया।

(III) औपनिवेशिक शिक्षा ने प्रशासनिक व पाठ्यक्रमीय संरचनाएँ दीं, जिन्होंने वर्तमान संस्थाओं को आकार दिया, यद्यपि स्वदेशी आवश्यकताओं पर सीमित ध्यान था।

ऊपर दिए गए में से कौन-से कथन सही है।

(A) I, II और III (B) केवल I और III (C) केवल II और III (D) केवल I और II

Consider the following statements on the evolution of Indian education and its impact on modern practices:

(I) Early education emphasized teacher–learner proximity and moral–spiritual development, influencing value-based education.

(II) Ancient centres fostered dialogue and inquiry, shaping modern pedagogy.

(III) Colonial education introduced administrative and curricular structures shaping present institutions despite limited indigenous focus.

Which of the above statements are correct?

(A) I, II and III (B) I and III only (C) II and III only (D) I and II only

79. अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनिए:

अभिकथन (A): प्रेरणा अधिगम के स्थानांतरण को बढ़ाती है, क्योंकि यह पूर्व ज्ञान को नई परिस्थितियों में लागू करने में सहायता करती है।

कारण (R): प्रेरित शिक्षार्थी सक्रिय रूप से संलग्न होते हैं और पूर्व व नवीन अधिगम के बीच सार्थक संबंध स्थापित करते हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(D) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

Choose the correct option for the Assertion (A) and Reason (R) given below:

Assertion (A): Motivation enhances transfer of learning by aiding application of prior knowledge to new situations.

Reason (R): Motivated learners engage actively and form meaningful links between prior and new learning.

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) (A) is false, but (R) is true.

(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(D) (A) is true, but (R) is false.

80. शैक्षिक प्रणाली के अंतर्गत सामाजिक प्रक्रियाओं, सामाजिक संबंधों तथा सामाजिक प्रतिरूपों का वैज्ञानिक एवं सैद्धांतिक अध्ययन क्या कहलाता है?

(A) समाजशास्त्र (B) सामाजिक विज्ञान

(C) शैक्षिक समाजशास्त्र (D) शिक्षा का समाजशास्त्र

The scientific and theoretical study of social processes, social relationships, and social patterns within the educational system is known as:

(A) Sociology (B) Social Science

(C) Educational Sociology (D) Sociology of Education

81. शैक्षिक समाजशास्त्र का जनक किसे माना जाता है?

(A) ई. जॉर्ज पेन (B) जॉन डेवी

(C) ऑगस्त कॉम्टे (D) एमिल दुर्खीम

Who is regarded as the father of Educational Sociology?

(A) E. George Payne (B) John Dewey

(C) Auguste Comte (D) Émile Durkheim

82. शैक्षिक उद्देश्य उस दर्शन पर निर्भर करते हैं जो लोगों के बीच -------- प्रचलित होता है।

(A) किसी विशेष समय में (B) पूर्व युगों के

(C) सभी युगों के (D) वैश्विक स्तर पर

Educational aims depend on the philosophy that prevails among the people -------.

(A) living at a particular time (B) of the previous eras

(C) of all eras (D) globally

83. शिक्षा की कौन-सी अवधारणा विवेकानंद द्वारा केवल सूचना-आधारित अधिगम के निषेध के साथ संगत है?

(A) समाजीकरण (B) बौद्धिकतावाद

(C) व्यवसायवाद (D) आत्म-साक्षात्कार

Which conception of education aligns with Vivekananda's rejection of mere information-based learning?

(A) Socialization (B) Intellectualism

(C) Vocationalism (D) Self-realization

84. महात्मा गांधी की बुनियादी शिक्षा (नई तालीम) में ज्ञान और कार्य के संबंध के संदर्भ में कौन-सा कथन उसके दार्शनिक आधार को सर्वाधिक सटीक रूप से व्यक्त करता है?

(A) बौद्धिक और व्यावसायिक घटकों का संतुलन विविध व्यावसायिक भूमिकाओं के लिए तैयारी करता है

(B) उत्पादक कार्य अधिगम का माध्यम है, जो ज्ञान को जीवन से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करता है

(C) ज्ञान का विकास मुख्यतः बौद्धिक विषयों के माध्यम से होता है, जबकि उत्पादक कार्य आर्थिक आत्मनिर्भरता का साधन है

(D) शिक्षा में शिल्प प्रशिक्षण और शैक्षणिक अधिगम का समावेश रोजगार की संभावनाएँ बढ़ाने के लिए किया जाता है

Which statement most accurately reflects the philosophical foundation of Mahatma Gandhi's Basic Education (Nai Talim) in relation to knowledge and work?

(A) Intellectual and vocational components should be balanced to prepare individuals for diversified occupational roles

(B) Productive work serves as a medium of learning, integrating knowledge with life to cultivate self-reliance and social responsibility

(C) Knowledge is best developed through intellectual disciplines, while productive work supports economic self-sufficiency

(D) Education combines craft training with academic learning to enhance employability within existing economic structures

85. वैधता को ------ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

(A) परिणामों की व्याख्या और उनके उपयोग की उपयुक्तता

(B) परीक्षण की वास्तविकता/प्रामाणिकता

(C) यह सुनिश्चित करना कि परिणाम विश्वसनीय हों

(D) यह संगति के बारे में है

Validity is best defined as ------

(A) Appropriateness of the interpretation and use made of the results.

(B) Genuineness of the test

(C) Ensuring that the results are dependable.

(D) It is about consistency.

86. दर्शन और शिक्षा दोनों का सामान्य व्यापक विषय-वस्तु क्या है?

(A) व्यक्तित्व

(B) व्यवहार

(C) जीवन

(D) मानव व्यक्ति

The common comprehensive subject matter of both Philosophy and Education is ------

(A) Personality

(B) Behaviour

(C) Life

(D) Human individual

87. ब्रिटिश कालीन शिक्षा में प्रशासनिक उद्देश्य और बौद्धिक परिणामों के बीच तनाव को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) इसने औपनिवेशिक प्रशासक बनाए, पर सामाजिक-राजनीतिक चेतना को प्रोत्साहित किया।

(B) इसने एकीकृत पाठ्यक्रम से सामाजिक स्तरीकरण समाप्त कर दिया।

(C) इसने सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित कर समान विकास किया।

(D) इसने स्वदेशी ज्ञान को बढ़ावा देकर पारंपरिक संस्थानों का पुनरुत्थान किया।

Which statement best captures the tension in British-period education between administrative intent and intellectual outcomes?

(A) It trained colonial administrators but ignited socio-political progress.

(B) It removed social stratification through integrated curricula.

(C) It ensured universal access and equitable development across society.

(D) It promoted indigenous knowledge, reviving traditional institutions.

88. बाल्यावस्था में भावनात्मक विकास को बढ़ावा देते हुए कक्षा की प्रभावशीलता बनाए रखने हेतु कौन-सी प्रक्रिया उपयुक्त है?

(A) शिक्षार्थियों के बीच भावनात्मक भिन्नताओं पर सीमित ध्यान के साथ समान व्यवहारिक अपेक्षाएँ

(B) भावनात्मक अभिव्यक्ति के संरचित अवसर, साथ में नियंत्रण व सामाजिक अंतःक्रिया में मार्गदर्शन

(C) कक्षा परिस्थितियों में बिना मार्गदर्शन या शिक्षक हस्तक्षेप के अनियंत्रित भावनात्मक अभिव्यक्ति

(D) कक्षा प्रक्रियाओं में केवल व्यवधान की स्थिति में भावनात्मक ध्यान, अन्यथा शैक्षणिक प्राथमिकता

Which practice supports emotional development in childhood while maintaining classroom effectiveness?

(A) Uniform behavioural expectations with limited attention to emotional differences among learners.

(B) Structured opportunities for emotional expression with guidance in regulation and social interaction

(C) Unrestricted emotional expression without guidance or teacher intervention in classroom situations

(D) Academic priority with emotional attention only during disruptive situations in classroom processes

89. मनोविज्ञान ने जीवन के निम्नलिखित क्षेत्रों में व्यापक और विविध अनुप्रयोग प्राप्त किया है:

(I) शिक्षा
(II) चिकित्सा
(III) किशोर अपराध
(IV) मानव संबंध और विश्व शांति

(A) केवल I, III और IV

(B) केवल I और III

(C) केवल I और II

(D) I, II, III और IV

Psychology has gained wide and diversified applications in the following spheres of life:

(I) Education
(II) Medicine
(III) Juvenile Delinquency
(IV) Human relationship and world peace

(A) I, III & IV only

(B) I & III only

(C) I & II only

(D) I, II, III & IV

90. शिक्षा में पाठ्यक्रम के संदर्भ में प्रयोजनवादी दृष्टिकोण को निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से व्यक्त करता है?

(A) पाठ्यक्रम गतिविधियों और समस्या-समाधान अनुभवों के आधार पर संगठित होना चाहिए

(B) पाठ्यक्रम शाश्वत सत्यों और स्थिर विषय-वस्तु पर आधारित होना चाहिए

(C) पाठ्यक्रम अनुभव से स्वतंत्र संरचित ज्ञान पर बल देना चाहिए

(D) पाठ्यक्रम बाहरी निर्देशन के बिना प्राकृतिक विकास पर आधारित होना चाहिए

Which view best reflects the pragmatic approach to curriculum in education?

(A) Curriculum should be organized around activities and problem-solving experiences

(B) Curriculum should be based on eternal truths and fixed subject matter

(C) Curriculum should emphasize structured knowledge independent of experience

(D) Curriculum should focus on natural growth without external guidance

91. अंतर्दृष्टि अधिगम का सिद्धांत कहता है "स्थिति को शिक्षार्थी द्वारा एक ------- के रूप में ग्रहण किया जाता है"।

(A) भाग

(B) छवि

(C) चित्र

(D) संपूर्ण (या पूर्ण रूप)

Theory of insight states, "The situation as a ----- is perceived by the learner".

(A) Part

(B) Image

(C) Picture

(D) Whole

92. निम्नलिखित में से कौन-से शैक्षिक मूल्यांकन में डेटा संग्रह की व्यक्तिपरक विधियों के अंतर्गत आते हैं?

(I) अवलोकन, साक्षात्कार, प्रकरण अध्ययन

(II) आत्मकथात्मक विधि तथा प्रक्षेपी तकनीकें

(III) प्रश्नावली तथा रेटिंग स्केल

(A) I, II और III

(B) केवल I और II

(C) केवल I

(D) केवल II और III

Which of the following are commonly classified as subjective methods of data collection in educational evaluation?

(I) Observation, Interview, Case study

(II) Autobiographical method and Projective techniques

(III) Questionnaire and Rating scales

(A) I, II and III

(B) I and II only

(C) I only

(D) II and III only

93. -------- प्रकार के परीक्षण आइटम सामान्यतः तथ्यात्मक ज्ञान के मापन में अधिक कुशल और अधिक **विश्वसनीय होते हैं।**

(A) वस्तुनिष्ठ प्रकार

(B) निबंधात्मक प्रकार

(C) प्रदर्शनात्मक

(D) प्रक्षेपी

------ test items are generally more efficient and reliable in measuring **factual knowledge.**

(A) Objective type

(B) Essay type

(C) Performance

(D) Projective

94. कौन-सा सहसंबंध एक द्विभाजी चर में वितरण के स्वरूप के संबंध में कोई धारणा नहीं बनाता है?

(A) साधारण सहसंबंध
(B) टेट्राकोरिक सहसंबंध
(C) द्विखंडी सहसंबंध
(D) बिंदु-द्विखंडी सहसंबंध

Which correlation makes no assumption regarding the form of distribution in a dichotomous variable?

(A) Simple Correlation
(B) Tetrachoric Correlation
(C) Biserial Correlation
(D) Point Biserial Correlation

95. मध्यकालीन भारतीय शिक्षा की संरचनात्मक और बौद्धिक विशेषताओं को कौन-सा कथन दर्शाता है?

(A) समावेशी प्रणाली जो वैज्ञानिक और धर्मनिरपेक्ष ज्ञान को बढ़ावा देती है।
(B) सार्वभौमिक पहुँच और समान पाठ्यक्रम, जो सामाजिक या धार्मिक भेदों से परे है।
(C) धार्मिक संस्थानों के इर्द-गिर्द संगठित, जहाँ धर्मशास्त्र पर जोर और ज्ञान की सीमित विविधता होती है।
(D) पूर्णतः विकेन्द्रीकृत, जिसमें संस्थागत प्रभाव न्यूनतम है।

Which interpretation best reflects the structural and intellectual features of medieval Indian education?

(A) Inclusive system promoting scientific and secular knowledge across groups.
(B) Universal access with uniform curriculum beyond social or religious divisions.
(C) Organized around religious institutions with focus on theology and limited knowledge diversity.
(D) Completely decentralized with minimal institutional influence.

96. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | शारीरिक विकास | (I) | तर्क, स्मृति व समस्या-समाधान, |
| (b) | मानसिक विकास | (II) | मोटर कौशल व शारीरिक समन्वय, |
| (c) | सामाजिक विकास | (III) | अंतःक्रिया, सहयोग व सामाजिक समायोजन, |
| (d) | भावनात्मक विकास | (IV) | भावनाओं का नियंत्रण व अभिव्यक्ति। |

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-IV, d-III
(D) a-II, b-I, c-III, d-IV

Match List-I with List-II and choose the correct answer:

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Physical development | (I) | Reasoning, memory, and problem-solving, |
| (b) | Mental development | (II) | Motor skills and physical coordination, |
| (c) | Social development | (III) | Interaction, cooperation, and social adjustment, |
| (d) | Emotional development | (IV) | Regulation and expression of emotions. |

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-IV, d-III
(D) a-II, b-I, c-III, d-IV

97. ज्ञान और वास्तविकता के यथार्थवादी दृष्टिकोण के अनुरूप कौन-सी शिक्षण विधि है?

(A) बिना मार्गदर्शन के प्राकृतिक परिपक्वता द्वारा निष्क्रिय अधिगम

(B) सामाजिक अनुभवों एवं क्रियात्मक अधिगम पर आधारित प्रोजेक्ट विधि

(C) बाह्य जगत के अध्ययन हेतु अवलोकन, प्रयोग एवं आगमनात्मक तर्क

(D) सार्वभौमिक एवं अमूर्त सत्यों की प्राप्ति हेतु द्वंद्वात्मक तर्क और तार्किक विश्लेषण

Which teaching method aligns with the realist view of knowledge and reality?

(A) Passive learning through natural maturation without guidance

(B) Project method based on social experiences and activity

(C) Observation, experimentation, and inductive reasoning for studying the external world

(D) Dialectical reasoning and logical analysis for attaining universal and abstract truths

98. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनिए:
अभिकथन (A): शिक्षा दर्शन शिक्षा के उद्देश्यों और दिशा को निर्धारित करता है।
कारण (R): यह मूल्यों, ज्ञान और वास्तविकता से संबंधित प्रश्नों का समालोचनात्मक परीक्षण करता है, जो शैक्षिक व्यवहार के आधार हैं।

(A) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(D) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

Choose the correct option for the Assertion (A) and Reason (R) given below:
Assertion (A): Educational philosophy determines the aims and direction of education.
Reason (R): It critically examines values, knowledge, and reality underlying educational practice.

(A) (A) is false, but (R) is true.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is true, but (R) is false.

99. दर्शन शिक्षा के उद्देश्यों को निर्धारित करता है, उसी प्रकार यह ------ को भी निर्धारित करता है।

(A) पाठ्यक्रम

(B) राजनीतिक उद्देश्य

(C) सांस्कृतिक ढांचा

(D) इंद्रियाँ

Philosophy determines the aims of education so also determines the ------

(A) Curriculum

(B) Political objectives

(C) Cultural framework

(D) Senses

100. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और सही उत्तर चुनिए:

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| (a) NCF 2023 – विकास समिति के अध्यक्ष | (I) | विद्यालय संस्कृति एवं प्रक्रियाओं का संचालन |
| (b) NCF 2023 में मूल्यांकन | (II) | के. कस्तूरीरंगन |
| (c) NCF 2023 – भाग D | (III) | आचार्य राममूर्ति समिति (1990) |
| (d) NPE 1986 की समीक्षा | (IV) | सीखने के रूप में तथा सीखने के लिए मूल्यांकन |

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III
(B) a-I, b-II, c-IV, d-III
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-I, d-III

Match List-I with List-II and choose the correct answer:

| List-I | | List-II |
|---|---|---|
| (a) NCF 2023 – Development Committee Head | (I) | Handles school culture and processes |
| (b) Assessment in NCF 2023 | (II) | K. Kasturirangan |
| (c) NCF 2023 – Part D | (III) | Acharya Ramamurti Committee (1990) |
| (d) Review of NPE 1986 | (IV) | Assessment as and for learning |

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III
(B) a-I, b-II, c-IV, d-III
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-I, d-III

101. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आजीवन अधिगम के बारे में नहीं है?

(A) यह केवल स्कूली आयु के शिक्षार्थियों पर विशिष्ट मुद्दों से संबंधित सक्रियता के लिए केंद्रित है।
(B) व्यक्तियों को डिजिटल क्रांति में दक्ष बनने में सक्षम बनाता है।
(C) पुनः-कौशल और कौशल उन्नयन के माध्यम से रोजगार क्षमता में सुधार करता है।
(D) देशों को वृद्ध होती जनसंख्या की चुनौतियों का सामना करने में सहायता करता है।

Which statement is not about Lifelong Learning (LLL)?

(A) Focuses exclusively on school-age learners for specific issue-based activism
(B) Enables individuals to master the digital revolution
(C) Improves employability through reskilling and upskilling
(D) Helps countries respond to aging societies

102. सामाजिक स्तरीकरण से शिक्षा का संबंध किस प्रकार है?

(A) सामाजिक संरचना एवं स्तरीकरण प्रक्रियाओं से स्वतंत्र रूप से कार्य करती है
(B) असमान पहुँच एवं शैक्षिक प्रक्रियाओं के माध्यम से असमानता का पुनरुत्पादन करती है
(C) विभिन्न समूहों में सामाजिक असमानता को समाप्त करती है
(D) समाज के भीतर एक तटस्थ एवं निष्पक्ष संस्थागत प्रणाली के रूप में कार्य करती है

How does education relate to social stratification?

(A) Operates independently of social structure and stratification processes
(B) Reproduces inequality through differential access and educational practices
(C) Eliminates social inequality across groups and social structures
(D) Functions as a neutral and unbiased institutional system within society

103. ---------- वे होते हैं जो जैविक या शारीरिक आवश्यकताओं से संबंधित मूलभूत प्राथमिक आवश्यकताओं से जुड़े होते हैं।

(A) प्राथमिक अभिप्रेरणाएँ
(B) अभिप्रेरणाएँ
(C) द्वितीयक अभिप्रेरणाएँ
(D) तृतीयक अभिप्रेरणाएँ

---------- are linked with the basic primary needs associated with the biological or physiological motives.

(A) Primary Motives
(B) Motives
(C) Secondary Motives
(D) Tertiary Motives

104. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन क्रिया प्रसूत अनुबंधन को शास्त्रीय अनुबन्धन से सबसे स्पष्ट रूप से भिन्न करता है?

(A) क्रिया प्रसूत अनुबंधन में प्रतिक्रियाएँ किसी विशिष्ट उद्दीपन द्वारा उत्पन्न नहीं होतीं, बल्कि जीव द्वारा स्वयं उत्पन्न होती हैं।
(B) क्रिया प्रसूत अनुबंधन केवल उद्दीपन द्वारा उत्पन्न प्रतिवर्ती क्रियाओं पर आधारित होता है।
(C) दोनों प्रकार के अनुबन्धन में प्रतिक्रियाएँ विशिष्ट उद्दीपन द्वारा उत्पन्न होती हैं।
(D) शास्त्रीय अनुबन्धन स्वैच्छिक व्यवहार पर आधारित होता है जो परिणामों द्वारा नियंत्रित होता है।

Which of the following best distinguishes operant conditioning from classical conditioning?

(A) In operant conditioning, responses are emitted by the organism rather than elicited by a specific stimulus
(B) Operant conditioning depends only on reflex actions triggered by stimuli
(C) Responses are elicited by specific stimuli in both types of conditioning
(D) Classical conditioning involves voluntary behaviour controlled by consequences

105. निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षाविदों का युग्म शिक्षा के सिद्धांत तथा कक्षा-स्तरीय अनुप्रयोग में प्रयोगवाद के विकास से सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है?

(A) विलियम जेम्स और जॉन डिवी
(B) अरस्तू और सुकरात
(C) विलियम किलपैट्रिक और जॉन डिवी
(D) कन्फ्यूशियस और जॉन लॉक

Which pair of educators is most directly associated with the development and application of pragmatism in educational theory and classroom practice?

(A) William James and John Dewey
(B) Aristotle and Socrates
(C) William Kilpatrick and John Dewey
(D) Confucius and John Locke

106. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सामान्य समाजशास्त्र के बजाय विशेष रूप से शैक्षिक समाजशास्त्र का विषय है?

(A) शैक्षिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ
(B) राजनीतिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ
(C) धार्मिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ
(D) आर्थिक प्रक्रियाएँ और संस्थाएँ

Which of the following is the specific focus of educational sociology rather than general sociology?

(A) Educational processes and institutions
(B) Political processes and institutions
(C) Religious processes and institutions
(D) Economic processes and institutions

107. कौन-सी दार्शनिक विचारधारा प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से अधिगम, प्राकृतिक विकास तथा बाल-केंद्रित शिक्षा का स्पष्ट समर्थन करती है?

(A) जैविक प्राकृतिकवाद
(B) यांत्रिक प्राकृतिकवाद
(C) प्राकृतिकवाद
(D) आदर्शवाद

Which philosophical school explicitly advocates child-centred education based on natural development and learning through direct experience?

(A) Biological Naturalism
(B) Mechanical Naturalism
(C) Naturalism
(D) Idealism

108. शैक्षिक मापन में परीक्षण–पुनर्परीक्षण विश्वसनीयता को कौन-सी स्थिति दर्शाती है?

(A) एक ही उत्तरों पर विभिन्न परीक्षकों द्वारा दिए गए अंकों में समानता
(B) समान शिक्षार्थी समूह पर समतुल्य समानांतर परीक्षण रूपों से प्राप्त तुलनीय परिणाम
(C) एक ही परीक्षण रूप में समान संरचना को मापने वाले आइटमों के बीच उच्च आंतरिक संगति
(D) समान परिस्थितियों में एक ही परीक्षण के पुनः प्रशासन पर प्राप्त सुसंगत अंक

Which situation represents test–retest reliability in educational measurement?

(A) Agreement in scores assigned by different examiners to the same responses
(B) Similar results from equivalent parallel test forms administered to the same group of learners
(C) High internal consistency among items within a single test form measuring the same construct
(D) Consistent scores across repeated administrations of the same test under similar conditions

109. प्रारूपिक मूल्यांकन मुख्यतः ------- की ओर निर्देशित होता है।

(A) पाठ्यक्रम में सुधार
(B) शिक्षण में सुधार
(C) अधिगम तथा शिक्षण दोनों में सुधार
(D) शिक्षार्थी के अधिगम में सुधार

Formative assessment is primarily directed towards ------

(A) Improving curriculum
(B) Improving instruction
(C) Improving learning and instruction
(D) Improving learning of learner

110. निम्नलिखित में से कौन-सी ऋग्वेद में वर्णित महिला विदुषी है?

(A) अपाला
(B) सुलभा
(C) मैत्रेयी
(D) गार्गी

Which of the following is a woman scholar mentioned in the Rigveda?

(A) Apala
(B) Sulabha
(C) Maitreyi
(D) Gargi

111. भारत के राष्ट्रीय आकलनों में शिक्षा के गिरते मानकों का संकेत कौन-सा निष्कर्ष देता है?

(A) प्राथमिक स्तर पर गणित व विज्ञान की उच्च अवधारणात्मक समझ।

(B) वर्षों की स्कूली शिक्षा के बावजूद बुनियादी पठन व अंकगणित में निरंतर अंतराल।

(C) ग्रामीण व शहरी विद्यालयों में समान उपलब्धि स्तर।

(D) सभी कक्षाओं में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता में सुधार।

Which finding from national assessments in India indicates declining school-level educational standards?

(A) High conceptual understanding in mathematics and science at elementary level.

(B) Persistent gaps in basic reading and arithmetic despite years of schooling.

(C) Uniform achievement across rural and urban schools.

(D) Improvement in foundational literacy and numeracy across grades.

112. कौन-सी सिफारिश भारत में शैक्षिक सुधार के संदर्भ में कोठारी आयोग (1964–66) के दृष्टिकोण को दर्शाती है?

(A) विद्यालयी सुधारों के बिना केवल उच्च शिक्षा के विस्तार पर बल

(B) समान विद्यालय प्रणाली एवं शैक्षिक अवसरों की समानता पर बल

(C) शिक्षा के सभी स्तरों का पूर्ण निजीकरण

(D) माध्यमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षा का उन्मूलन

Which recommendations reflects the emphasis of the Kothari Commission (1964–66) on educational reform in India?

(A) Exclusive focus on higher education expansion without school reforms

(B) Adoption of a common school system and equalization of educational opportunities

(C) Complete privatization of all levels of education

(D) Elimination of science education at the secondary level

113. नीचे दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनिए:

अभिकथन (A): प्रारंभिक बाल्यावस्था में शिक्षण रणनीतियाँ शिक्षार्थी के संज्ञानात्मक विकास स्तर के अनुरूप होनी चाहिए।

कारण (R): बाल्यावस्था में मानसिक विकास सोच, तर्क और समस्या-समाधान के पहचाने जाने योग्य चरणों में होता है।

(A) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(D) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।

Choose the correct option for the Assertion (A) and Reason (R) given below:

Assertion (A): Teaching strategies in early childhood should align with learners' cognitive development level.

Reason (R): Mental development in childhood progresses through identifiable stages of thinking, reasoning, and problem-solving.

(A) (A) is true, but (R) is false.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(D) (A) is false, but (R) is true.

114. निम्नलिखित ------ प्रकार के तर्क का उदाहरण है:

राम नश्वर है;
करीम नश्वर है;
दलजीत नश्वर है;
एडवर्ड नश्वर है;
अतः सभी मनुष्य नश्वर हैं।

(A) सादृश्यात्मक
(B) आगमनात्मक
(C) निगमनात्मक
(D) काल्पनिक-निगमनात्मक

The following is an example of ------ reasoning.

Ram is mortal;
Karim is mortal;
Daljeet is mortal;
Edward is mortal;
Therefore, all men are mortal

(A) Analogical
(B) Inductive
(C) Deductive
(D) Hypothetico-deductive

115. जब $\sum d^2 = 92$ और $N = 11$ हो, तो स्पीयरमैन का रैंक सहसंबंध ज्ञात कीजिए।

(A) 0.75
(B) -0.58
(C) -0.75
(D) 0.58

Find the rank correlation when $\sum d^2 = 92$ and N is 11.

(A) 0.75
(B) -0.58
(C) -0.75
(D) 0.58

116. जनसंचार शैक्षिक नवाचार को किस प्रकार प्रोत्साहित करता है?

(A) अधिगम को औपचारिक कक्षाओं तक सीमित करना
(B) पहुँच को शहरी क्षेत्रों तक सीमित करना
(C) शिक्षक की भूमिका समाप्त करना
(D) माध्यमों के द्वारा पहुँच का विस्तार करना

How does mass communication facilitate educational innovation?

(A) Confining learning to formal classrooms
(B) Limiting reach to urban populations
(C) Eliminating the role of teachers
(D) Broadening access via media platforms

117. सामान्य प्रायिकता वक्र को ----- भी कहा जाता है।

(A) सरल वक्र
(B) खगोलीय वक्र
(C) गॉसियन वक्र
(D) लाला वक्र

The normal probability curve is also called -----

(A) Simple curve
(B) Astronomy curve
(C) Gaussian curve
(D) Lala curve

118. निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति अनौपचारिक शिक्षा के विपरीत गैर-औपचारिक शिक्षा को दर्शाती है?

(A) दैनिक अनुभवों के माध्यम से भाषा सीखना

(B) साथियों के प्रभाव से मूल्यों का अधिगम

(C) एक संरचित सामुदायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना

(D) परिवार के साथ संपर्क के माध्यम से सामाजिक मानदंडों का अधिगम

Which of the following situations reflects non-formal education rather than informal education?

(A) Learning language through everyday exposure

(B) Acquiring values through peer influence

(C) Attending a structured community training program

(D) Learning social norms through family interaction

119. निम्नलिखित में से कौन-सी विधि अंकों को ग्रेड में परिवर्तित करते समय यह सुनिश्चित करती है कि ग्रेड की सीमाएँ समूह के अंकों के वितरण के आधार पर निर्धारित की जाती हैं?

(A) निरपेक्ष ग्रेडिंग विधि

(B) संचयी ग्रेडिंग विधि

(C) मानक-संदर्भित ग्रेडिंग विधि

(D) मानदंड-संदर्भित ग्रेडिंग विधि

Which one of the following methods of converting marks into grades ensures that grade boundaries are determined based on the distribution of scores within a group?

(A) Absolute grading method

(B) Cumulative grading method

(C) Norm-referenced grading method

(D) Criterion-referenced grading method

120. निम्नलिखित कथन के अनुसार "प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक राष्ट्र को अपने-अपने स्वभाव (स्वधर्म) के अनुसार विकसित होना चाहिए।" यह किसके अनुसार है?

(A) स्वामी विवेकानंद

(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) महात्मा गांधी

(D) श्री अरविंद

According to -------- "Each individual and each nation has to develop according to their own individual characteristics (swadharma)".

(A) Swami Vivekananda

(B) Rabindranath Tagore

(C) Mahatma Gandhi

(D) Sri Aurobindo

121. मानक-संदर्भित परीक्षण में किसी छात्र का प्राप्तांक मुख्यतः क्या दर्शाता है?

(A) पूर्वनिर्धारित अधिगम उद्देश्यों की प्राप्ति की सीमा

(B) एक निश्चित अवधि में प्राप्त व्यक्तिगत प्रगति का स्तर

(C) विशिष्ट अधिगम कठिनाइयाँ जिनके लिए उपचारात्मक शिक्षण आवश्यक है

(D) संदर्भ समूह के अन्य छात्रों की तुलना में छात्र की सापेक्ष स्थिति

In a norm-referenced test, what does a student's score primarily indicate?

(A) The extent to which the student has mastered predetermined instructional objectives

(B) The level of individual progress achieved over a fixed period of time

(C) The specific learning difficulties requiring remedial instruction

(D) The student's relative standing compared to others in the reference group

**122.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और सही उत्तर चुनिएः

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | चार्ल्स स्पीयरमैन | (I) | बहु-बुद्धि सिद्धांत |
| (b) | एल. एल. थर्स्टन | (II) | बुद्धि की संरचना (क्रियाएँ, विषयवस्तु, उत्पाद) |
| (c) | जे. पी. गिलफोर्ड | (III) | द्वि-कारक सिद्धांत (जी एवं एस) |
| (d) | हॉवर्ड गार्डनर | (IV) | प्राथमिक मानसिक क्षमताएँ |

**(A)** a-II, b-I, c-IV, d-III **(B)** a-III, b-IV, c-II, d-I

**(C)** a-III, b-II, c-IV, d-I **(D)** a-IV, b-III, c-I, d-II

Match List-I with List-II and choose the correct answer:

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Charles Spearman | (I) | Multiple intelligences |
| (b) | L. L. Thurstone | (II) | Structure of intellect (operations, content, products) |
| (c) | J. P. Guilford | (III) | Two-factor theory (g and s) |
| (d) | Howard Gardner | (IV) | Primary mental abilities |

**(A)** a-II, b-I, c-IV, d-III **(B)** a-III, b-IV, c-II, d-I

**(C)** a-III, b-II, c-IV, d-I **(D)** a-IV, b-III, c-I, d-II

**123.** भारत में तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सार्वभौमिक मानव मूल्य (UHV) को औपचारिक रूप से किस संस्था ने सम्मिलित किया है?

**(A)** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) **(B)** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)

**(C)** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) **(D)** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

Which body has formally integrated Universal Human Values (UHV) into technical and professional curricula in India?

**(A)** All India Council for Technical Education (AICTE) **(B)** National Council of Educational Research and Training (NCERT)

**(C)** National Assessment and Accreditation Council (NAAC) (D) University Grants Commission (UGC)

124. कक्षा-अधिगम में थॉर्नडाइक के "प्रभाव के नियम" का सर्वोत्तम अनुप्रयोग कौन-सा है?

(A) सही प्रतिक्रियाओं को तात्कालिक प्रबलन/संतोष से सुदृढ़ करना

(B) बिना प्रतिपुष्टि के स्वतंत्र खोज को प्रोत्साहन

(C) केवल मानसिक प्रक्रियाओं पर ध्यान, प्रतिक्रियाओं की उपेक्षा

(D) त्रुटियों को बिना सुधार के बने रहने देना

Which practice best applies Thorndike's Law of Effect in classroom learning?

(A) Reinforcing correct responses through immediate satisfaction or reward

(B) Encouraging independent discovery without feedback

(C) Focusing only on mental processes, ignoring responses

(D) Allowing errors to persist without correction

125. उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा के संदर्भ में, प्रशासनिक नियंत्रण और शैक्षिक विनियमन के बीच संरचनात्मक भेद को कौन-सा तत्व सबसे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है?

(A) राज्य प्राधिकरणों और बोर्डों के बीच प्रशासनिक एवं शैक्षिक कार्यों का पृथक्करण

(B) जिला स्तरीय शिक्षा कार्यालयों में प्रशासनिक और शैक्षिक कार्यों का एकीकरण

(C) माध्यमिक शिक्षा के शासन का उच्च शिक्षा नियामक निकायों के साथ समन्वय

(D) निजी विद्यालय प्रबंधन को शासन और पाठ्यक्रम निर्माण का प्रत्यायोजन

In the context of secondary education in Uttar Pradesh, which feature most clearly reflects the structural distinction between administrative control and academic regulation?

(A) Separation of administrative and academic functions between state authorities and boards

(B) Integration of administrative and academic functions within district-level education offices

(C) Alignment of secondary education governance with higher education regulatory bodies

(D) Delegation of governance and curriculum design to private school managements